# अनुभव



## Mandatory Training of Executive Assistant for Promotion to Administrative Officer

**06.04.2026 to 24.04.2026**

**Batch No 01/2026-27**




**: अस्वीकारण:**

इस पत्रिका मे प्रकाशित लेख एवं विचार लेखकों के अपने हैं।

संपादक मण्डल इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं।



DR. ASHIR TYAGI,

PR. ADDITIONAL DIRECTOR GENERAL

NACIN, ZTI ,VADODARA

प्रिय सहकर्मीयों |

आप सब को नासेन का अनुभव प्रदान करना हमारे लिये हर्ष का विषय था |
आपमे कुछ लोगो के लिये नासेन का अनुभव शायद पहला रहा हो |

टीम नासेन ने यह प्रयास किया कि Class Room के साथ साथ आपको एक बेहतर टीम की तरह रहने का मौका भी मिले |

मैं जानता हूं कि इस प्रयास के दौरान आपको नये मित्र भी मिले |
इस मित्रता को बनाये रखें |

शुभकामनाये

आशिर त्यागी
टीम नासेन.



T. G. RATHOD,

ADDITIONAL DIRECTOR
NACIN, ZTI ,VADODARA

Dear Officers,

It gives me immense pleasure to extend my heartfelt congratulations to the Batch of CGST officers for the 'Mandatory Training of Executive Assistants for promotion to the grade of Administrative Officer' at NACIN, ZTI, Vadodara. Your participation throughout the three-week training programme has been exemplary, marked by sincerity, energy, and a deep eagerness to learn. Your active involvement—whether in classroom discussions, trekking, or sports—demonstrated not only individual commitment but also exceptional team spirit and coordination. I commend each one of you for the discipline, enthusiasm, and fresh perspectives you brought into the academy. You have shown great promise, and I am confident that you will serve with integrity and dedication as you step into your professional roles.

Wishing you all continued success, both in your careers and in life.



M. K. PUNJABI
ASSISTANT DIRECTOR
NACIN ZTI VADODARA

Congratulations, to the trainee Executive Assistants at NACIN on reaching the milestone of 21 days of training! This achievement reflects your resilience, dedication, and the solid foundation you've built for your future in service. The rigorous training you've undergone has equipped you with the knowledge, skills, and discipline essential for your critical role in upholding the nation's laws. Your hard work and perseverance are truly commendable, and it's clear that you are well on your way to becoming capable and effective officers. Continue to strive for excellence as you progress, and remember that your efforts are both recognized and valued. Keep up the great work.

अंत में एक सुझावः अच्छे चरित्र का निर्माण करें, धन संपदा से पहले एक अच्छे इंसान बनें ।



NITIN SIWATCH,

ADDITIONAL ASSISTANT DIRECTOR

NACIN, ZTI ,VADODARA

Dear All,

The past three weeks have been truly eventful, filled with engaging lectures, invigorating yoga sessions, exciting sports. As a course coordinator, it was a pleasure to work with each of you, and I must say, it was a great learning experience for me too! I hope the knowledge and experiences gained during your time at NACIN will positively impact your professional and personal lives. I cherish the bonds of friendship that have developed among you all, and I wish for these connections to grow stronger with time, staying with you forever. As you are going to be as Supervisory Officer, I wish you all the very best for your future endeavours. Remember, be a positive change wherever you go... Every tiny step in the right direction creates a difference! Stay connected, Best wishes!



ABHISHEK SINGH,
EXECUTIVE ASSISTANT

“AS””

CREATOR AND EDITOR

OF THIS MAGAZINE

First, I would like to thank the NACIN team for placing their trust in me and giving me the responsibility of serving as the Class Representative, as well as the Creator and Editor of this training magazine.

I would also like to thank all my colleagues for their wholehearted support in contributing articles, poems, pictures, and other materials, which have made this magazine more vibrant, beautiful, and inspiring.

There could be no better medium than this to capture the memorable moments of our training program. I hope you will all appreciate this Magazine, filled with beautiful memories and moments of laughter.

Index


| Sr.No | Particular | From | Page No |
|---|---|---|---|
| 1 | Message from Pr.ADG | Dr.Ashir Tyagi, IRS | i |
| 2 | Message from Additional Director | Shri T.G Rathod,IRS | ii |
| 3 | Message form Course Director | Shri M K Punjabi, Assistant Director | iii |
| 4 | Message from Course Co-ordinator | Smt. Nitin Siwatch, AAD | iv |
| 5 | Message form Editor | Shri Abhishek Singh, Executive Assistant | v |
| 6 | Inaguration | Team NACIN | 1 |
| 7 | Poem- | Shri Hareshbhai S. Patel, Executive Assistant | 2 |
| 8 | Yoga Session | All Officer | 3-4 |
| 9 | Poem- Aaj Ka Manav | Shri Anil Kumar, Executive Assistant | 5 |
| 10 | Daily Memorable Moments | All Officer | 6 |
| 11 | Poem- Life is waiting | Alice, Executive Assistant | 7 |
| 12 | Class Room Moments | All Officer | 8-9 |
| 13 | Poem- | Shri D M Katiya, Executive Assistant | 10 |
| 14 | Funny Moments | All Officer | 11-12 |
| 15 | एक महिला की जीवन यात्रा में कृतज्ञता की मूक शक्ति | Masarrat Jahan, Executive Assistant | 13 |
| 16 | Poem- Jivan Path | Shri Lal Chand Choudhary, Executive Assistant | 14 |
| 17 | विशेष:- Cultural and other uniqueness of North East India | M Hangminlun , Executive Assistant | 15 |
| 18 | Poem- Jivan | Shri Abhishek Singh, Executive Assistant | 16 |
| 19 | Mobile- Dost ye Dushman | Rajeev Ranjan Roy , Executive Assistant | 17 |
| 20 | Poem- सदा न " (NACIN वड़ोदरा की अमिट यादे) | Shri Mehul Parmar, Executitve Assistant | 18 |
| 21 | Sports Session | All Officer | 19-21 |
| 22 | डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर – एक विचार, एक संघर्ष, एक क्रांति | Shri Mehul Parmar, Executitve Assistant | 22-23 |
| 23 | Trip to Jamughoda & Champaner | Team NACIN and all officer | 24-26 |
| 24 | Local Heritage Visit-Vadodara | Shri Ravindra R Patil, Executive Assistant | 27 |
| 25 | "NACIN प्रशिक्षण कार्यक्रम: अनुभव, सीख और आत्मीयता" | Shri Mehul Parmar, Executitve Assistant | 28-30 |
| 26 | अमूल्य अनुभव | All Officer | 31-53 |
| 27 | Group Photograph | Team NACIN and all officer | 54 |
| 28 | Mandala art | Masarrat Jahan, Executive Assistant | 55 |

# INAUGURATION








# कविता



Hareshbhai S. Patel,
Executive Assistant

## सपनो का सफ़र

सपनों की राह कठिन सही,

पर हौसलों से जीत मिलती है।

अंधेरों में भी दीप जलाओ,

संघर्ष से ही रोशनी खिलती है।

गिरकर उठना ही जीवन है,

हर ठोकर सबक सिखाती है।

मेहनत की राह पर चलकर,

सफलता खुद पास आती है।

## अनुभवों की रौशनी

हर सुबह नई किरणें लेकर आती है,

थके हुए मन को फिर से जगाती है।

गिरना तो बस राह का हिस्सा है,

उठना ही असली जीत कहलाती है।

सपनों को सच करने का साहस रखो,

हर कठिनाई में विश्वास का प्रकाश रखो।

जीवन की डगर आसान कभी नहीं होती,

पर हौसलों से ही मंज़िल पास होती।

# YOGA SESSION








# YOGA SESSION










Anil Kumar,
Executive Assistant

कविता

## आज का मानव

बहुत गति से दौड़ रही दुनिया,
अपनापन पीछे छोड़ रही दुनिया |

समय नहीं है पास किसी के,
अंधाधुंध आगे दौड़ रही दुनिया |

रिश्ते आज बेजान पड़े है,
खाली मकान, वीरान खड़े हैं |

गॉवों की वो चौपाल की महफ़िल,
और गलियारे सुनसान जड़े हैं |

सब पीछे छोड़ दौड़े हैं इतना ,
अपनों के दुःख से अनजान बड़े हैं |

हर काम मशीने कर देती है,
बहुत अपने पास दाम पड़े हैं |

नए अविष्कार, नए रोग लाये हैं ,
बिमारियाँ हर साल बढे हैं |

रुक जाओ अब बहुत हो चुका ,
प्रकृति से क्यों दूर खड़े हैं |

नैसर्गिक अपने गुण खोकर,
मानव जीवन की शाम ढले हैं |

# DAILY MEMORABLE MOMENTS














POEM

# *Life Is Waiting*



Alice Ngaimuanching
Executive Assistant

*Life is not a perfect song,*
*But every note still matters.*
*Some days hum, some days are wrong,*
*Yet somehow hope still scatters.*
*The road will bend, the rain will fall,*
*Your shoes will fill with weather.*
*But after storms, the flowers call,*
*And broken things knit together.*
*You miss a step, you lose your pace,*
*You think the dark will own you.*
*Then dawn walks in with golden grace*
*And paints the sky to show you:*

*That every scar can teach, not chain,*
*That every end is sowing.*
*There's joy tucked deep inside the pain,*
*There's green where you were snowing.*
*So keep your chin up, keep it high,*
*Let laughter be your armor.*
*The world is wide, the dream's not shy,*
*And you were made to charm her.*
*Life is waiting, bright and true,*
*With doors you haven't tried yet.*
*Take one breath and step right through.*
*Life is waiting for you, with its best.*

# CLASS ROOM MOMENTS









# CLASS ROOM MOMENTS















D. M. Katiya,
Executive Assistant

# कविता

"कहते हैं कि हुनर सिखाने से बढ़ता है, उसी अहसास को इन दो लाइनों में कहना चाहूँगा..."

अनजान राहों पर हम सब मिले थे,
सीखने के नए-नए गुल खिले थे।
वो सुबह की भागदौड़, वो अनुशासन का पाठ,
कभी कड़े सवाल, तो कभी सबका साथ।
प्रशिक्षकों की बातें, ज्ञान का वो सागर,
भर लाए हम अपनी यादों की गागर।
अब काम की बारी, अब हुनर दिखाना है,
जो सीखा है यहाँ, उसे सच कर दिखाना है।
बिछड़ रहे हैं हम, पर ये यादें साथ रहेंगी,
इस ट्रेनिंग की खुशबू, रग-रग में बहेगी।

# FUNNY MOMENTS


















# FUNNY MOMENTS




















Masarrat Jahan,
Executive Assistant

# एक महिला की जीवन यात्रा में कृतज्ञता की मूक शक्ति

हर महिला की जीवन यात्रा अपनी चुनौतियों, निर्णायक मोड़ों और विकास के क्षणों से भरी होती है। मेरे अनुभव में, एक ऐसा मूल्य जिसने इस पूरी यात्रा में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, वह है *कृतज्ञता (Gratitude)*। इसने न केवल मेरे दृष्टिकोण को आकार दिया है, बल्कि बदलते हालातों में आगे बढ़ने की शक्ति भी प्रदान की है।

एक महिला के रूप में, जीवन अक्सर कई जिम्मेदारियाँ साथ लेकर आता है—व्यक्तिगत आकांक्षाओं, परिवार और पेशेवर प्रतिबद्धताओं के बीच संतुलन बनाना। ये भूमिकाएँ समय के साथ बदलती रहती हैं, कभी अपनी इच्छा से तो कभी परिस्थितियों के कारण। इन बदलावों के बीच, कृतज्ञता एक स्थिर आधार बन जाती है। यह हमारा ध्यान कठिनाइयों से हटाकर संभावनाओं की ओर, और सीमाओं से हटाकर विकास की ओर ले जाती है।

कृतज्ञता का अर्थ केवल अच्छे समय में आभारी होना नहीं है; यह चुनौतियों के दौरान और भी अधिक सार्थक हो जाती है। जीवन में ऐसे चरण भी आते हैं जब चीजें योजना के अनुसार नहीं चलतीं, जब जिम्मेदारियाँ बढ़ जाती हैं और जब हमारी ताकत की परीक्षा होती है। ऐसे क्षणों में, कृतज्ञता हमें यह पहचानने में मदद करती है कि हमारे पास अभी भी क्या है—हमारी आंतरिक शक्ति, सीखने की क्षमता और आगे बढ़ने का साहस।

आत्म-पहचान में भी कृतज्ञता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाएँ अक्सर बिना किसी प्रशंसा की अपेक्षा किए, चुपचाप अपना योगदान देती हैं और अपनी जिम्मेदारियाँ निभाती हैं। कृतज्ञता का अभ्यास करने का अर्थ अपने स्वयं के प्रयासों को महत्व देना भी है—यह समझना कि उठाया गया हर कदम और सामना की गई हर चुनौती महत्वपूर्ण है।

समय के साथ, मुझे यह एहसास हुआ है कि कृतज्ञता परिस्थितियों पर निर्भर नहीं करती; यह एक चुनाव है। यह कठिनाइयों को दूर नहीं करती, लेकिन उन्हें अनुभव करने के तरीके को बदल देती है। यह हमें बिना संतुलन खोए आगे बढ़ने और बिना शांति खोए प्रगति करने का अवसर देती है।

संक्षेप में, कृतज्ञता एक मूक शक्ति है—जो हमारी यात्रा का मार्गदर्शन करती है, लचीलापन विकसित करती है, और जीवन के हर चरण को गरिमा और उद्देश्य के साथ आगे बढ़ने का अवसर बना देती है।



Lal Chand Choudhary,
Executive Assistant

# कविता

## जीवन पथ

चल पड़ा हूँ मैं; एक पथ पर, ना मंज़िल का कोई शोर है |
बस कदमों की आहट संग, दिल में विश्वास घोर है ||

कभी धूप जला देती है, कभी छाँव सहला जाती है|
यह पथ भी अजीब साथी है, हर पल कुछ सिखला जाती है ||

काँटों से भरी ये राहें, खुशबू भरे फूलों का संदेश देती हैं |
जो गिरकर फिर उठ जाता है, वही जीत की राह लेती है ||

नदियों सा बहता जाता हूँ, रुकना मुझे गवारा नहीं |
आँधियों से क्या डरना अब, जब हौसलों ने हारा नहीं ||

# विशेष




## CULTURAL AND OTHER UNIQUENESS OF NORTH EAST INDIA.

M Hangminlun ,
Executive Assistant

***Social Structure:*** Most of the NE state follows the Patriarchal system, however the uniqueness of this region lies in the Matrilineality system practice by the Khasi & Garo tribes of Meghalaya. Gender equality is shown in the higher female work participation and also is considered as ***dowry-free*** region. Many of the NE tribal had high respect for woman that they practice ***bride-price.***

***Religion:*** Even though Hinduism & Islam are one on the major religions, the region has a significant Christian population in Mizoram, Nagaland, Meghalaya and Manipur. Buddhist roots in states like Sikkim & Arunachal.

***Festival & Cuisine:*** Since the region has many states, various festival are celebrated by each state, to name a few : Bihu festival, Wangla festival also called 100 drum festival of the Garos of Meghalaya, Sangai & Kut festival in Manipur, Hornbill festival of Nagaland celebrate to showcase their vibrant traditions, folk dance, music, and handicrafts. North east cuisine is based heavily on Rice and are mainly Non Vegetarian, other cuisine like fermented foods such as bamboo shoot etc is one of the most prefer cuisine.

***Historical Context:*** Many of the NE state were integrated into India much later after independence following the Treaty of Yandabo 1826. It remain isolated during the colonial era. NE is a mosaic of over 220 ethnic groups with strong Tibeto-Burman and Austro-Asiatic ties. They also participate in the Independence war during the colonial era. Khasi rebellion (1829-33) led by U Triot Sing, The Anglo-Manipur War 1891 with heroes like Rani Gaidinlui, Bir Tikendrajit Singh, General Thangal & Paona where the latter three were executed on 13th August1981 and is commemorated as Patriots Day in Manipur. I also took pride in saying that my forefather fought the British colonial era merely with bows, arrow and musket gun (which we proudly call ZOU thau, meaning ZOU gun) during the Anglo-Kuki rebellion 1917-1919 in Manipur.

Lastly, the North East is not a mere extension of the mainland India, but a distinct culture identity with a deep connection to ancestral tribal fostering Unity in Diversity that need understanding & acceptance as part of INDIA.



Abhishek Singh,
Executive Assistant

कविता

## "जीवन"

जब मैं चला तो अकेला चला,
इस बात का ले गुमान चला,
लड़ लुंगा सब अकेला,
ये अब मै ठान चला।

लेकिन बीच डगर में जब,
देखा लोग साहसी, तब,
खुद को भुल निकल चले है
कर्तव्य पथ पर झूम चले हैं।

देखो किस मस्ती में है वो,
एक समय जो टूट चुके थे
आज अजब एक हस्ती है वो,
उन्हें देख अब जाग चुका हूँ।

अब वह मै मान चुका हूँ,
भगवन तेरी कृपा अलग हैं,
सबका अपना संघर्ष पृथक है,
ये देख खुद को खुशकिस्मत मान लिया है।
जीवन को पहचान लिया है- जीवन को पहचान लिया है|



Rajeev Ranjan Roy,
Executive Assistant

## मोबाइल: दोस्त या दुश्मन

आज के आधुनिक युग में मोबाइल फोन हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। यह कहना गलत नहीं होगा कि मोबाइल के बिना हमारा दिन अधूरा लगता है। लेकिन सवाल यह है कि मोबाइल हमारा दोस्त है या दुश्मन?मोबाइल एक अच्छा दोस्त तब बनता है, जब हम उसका सही उपयोग करते हैं। इसके माध्यम से हम अपने परिवार और दोस्तों से जुड़े रहते हैं, ऑनलाइन पढ़ाई कर सकते हैं, नई-नई जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और अपने काम को आसानी से पूरा कर सकते हैं। आपातकालीन स्थिति में मोबाइल हमारी मदद भी करता है।लेकिन जब मोबाइल का उपयोग जरूरत से ज्यादा होने लगता है, तब यह हमारा दुश्मन बन जाता है। कई लोग घंटों सोशल मीडिया पर समय बर्बाद करते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई और काम प्रभावित होता है। लगातार मोबाइल चलाने से आंखों पर बुरा असर पड़ता है और नींद भी खराब होती है। इसके अलावा, लोग अपने परिवार के साथ समय बिताने के बजाय मोबाइल में ही व्यस्त रहते हैं।मोबाइल का अत्यधिक उपयोग हमें वास्तविक दुनिया से दूर कर देता है और अकेलापन बढ़ा सकता है। खासकर बच्चों और युवाओं के लिए यह एक बड़ी समस्या बनती जा रही है।इसलिए, यह हमारे ऊपर निर्भर करता है कि हम मोबाइल को अपना दोस्त बनाते हैं या दुश्मन। यदि हम इसका संतुलित और सही तरीके से उपयोग करें, तो यह एक अच्छा साथी साबित होगा। लेकिन अगर हम इसका दुरुपयोग करें, तो यह हमारे लिए हानिकारक हो सकता है।अंत में, हमें यह समझना चाहिए कि मोबाइल एक साधन है, न कि हमारा मालिक। हमें इसका उपयोग सीमित और समझदारी से करना चाहिए।



Mehul Parmar,
Executive Assistant

# कविता

## सदा न " (NACIN वड़ोदरा की अमिट यादे)

"सदा न..." (NACIN वडोदरा की अमिट यादें)
सदा न संग ये साथी रहेंगे, सदा न ये दिन-रात,
सदा न NACIN वडोदरा की वो गलियाँ, सदा न ऐसा साथ।
सदा न गूँजेगी कक्षा में, ज्ञान भरी वो बात,

सदा न गुरु का स्नेह मिलेगा, हर पल यूँ दिन-रात।
सदा न हँसी के वो ठहाके, सदा न यारों का मेल,

सदा न यूँ ही सज पाएगा, यादों का हर एक खेल।
सदा न थमेगा वक्त यहाँ, सदा न ठहरे हाल,

सदा न जीवन एक सा रहता, बदलता हर इक काल।
सदा न महफ़िल यूँ सजेगी, सदा न होंगे यार,

सदा न हर लम्हा बन सकेगा, खुशियों का त्यौहार।
सदा न रहती छाँव किसी की, सदा न धूप कड़ी,

सदा न हर राह आसान होती, सदा न मुश्किल बड़ी।
सदा न जवानी ठहरती है, सदा न रूप बहार,

सदा न रहता संग किसी का, सदा न मिलता प्यार।
सदा न रहता कुछ भी यहाँ, यही समय का ज्ञान,

जो मिला NACIN वडोदरा में हमको, वो बन गया पहचान...

# SPORTS SESSION







# SPORTS SESSION



# SPORTS SESSION






# डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर – एक विचार, एक संघर्ष, एक क्रांति

**"कलम उठी तो इतिहास बदल गया,**
**एक इंसान उठा तो समाज संभल गया...**
**जिसे दबाने की कोशिश हुई सदियों तक,**
**वही आज हर दिल में अमर हो गया..."**

प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु कार्यकारी सहायकों के लिए आयोजित अनिवार्य तीन सप्ताह का प्रशिक्षण, जो 06-04-2026 से 24-04-2026 तक NACIN, वडोदरा में हुआ इसी दौरान 14 अप्रैल का वह दिन आया, जिसने इस पूरी यात्रा को और भी खास बना दिया। 14 अप्रैल – यह सिर्फ एक तारीख नहीं है,यह हम सभी के लिए समानता, आत्मसम्मान और मानवता के मूल्यों को याद करने का दिन है।विशेष रूप से यह दिन महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है—क्योंकि बाबा साहेब ने नारी सम्मान, शिक्षा और अधिकारों को सशक्त बनाने में जो योगदान दिया वह अतुल्य है।

यह दिन हर उस महिला के लिए भी समर्पित है,जो अपने सपनों को जीने का साहस रखती है...क्योंकि बाबा साहेब ने ही उन्हें वह अधिकार और सम्मान दिलाने की राह दिखाई,जिससे वे आज आत्मविश्वास के साथ समाज में अपनी पहचान बना रही हैं। 14 अप्रैल यह सिर्फ एक तारीख नहीं, यह उस महान विचार का प्रतीक है,जिसने भारत को समानता, न्याय और स्वाभिमान का मार्ग दिखाया। यह वह पावन दिन है, जब जन्म हुआ –Bhimrao Ramji Ambedkar का। बाबा साहेब केवल एक व्यक्ति नहीं थे,वे एक विचार थे...एक ऐसी सोच, जो हर इंसान को सम्मान, अधिकार और समान अवसर देने की बात करती है। संघर्ष से शिखर तक उनका जीवन संघर्षों की एक जीवित कहानी है। एक ऐसे समय में,जब समाज में कई तरह की कठिनाइयाँ और भेदभाव मौजूद थे,तब उन्हें क्लासरूम के बाहर बैठकर पढ़ना पड़ता था...लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने अपने आत्मविश्वास और शिक्षा के बल परयह साबित कर दिया कि –"अगर इरादे मजबूत हों, तो कोई भी दीवार बड़ी नहीं होती।" वे सच में "कलम के बादशाह" थे –जिनकी लेखनी ने समाज की सोच बदल दी।शिक्षा - सबसे बड़ी ताकत बाबा साहेब का मानना था कि शिक्षा ही इंसान को सशक्त बनाती है। उन्होंने दुनिया के प्रतिष्ठित संस्थानों से शिक्षा प्राप्त की Columbia University (अमेरिका) से Ph.D., London School of Economics से D.Sc., Gray's Inn से Barrister-at-Law वे उन महान व्यक्तित्वों में से थे जिनके पास अपने समय की सबसे अधिक और उच्च स्तर की डिग्रियाँ थीं।विदेशों में सम्मान - एक वैश्विक पहचान बाबा साहेब का सम्मान केवल भारत तक सीमित नहीं रहा। आज भी विदेशों में उनकी प्रतिमाएँ स्थापित हैं – Ambedkar Memorial at Columbia University , Dr. B. R. Ambedkar Statue London यह इस बात का प्रमाण है कि उनका योगदान पूरी मानवता के लिए प्रेरणा है। समानता और एकता के प्रणेता बाबा साहेब ने एक ऐसे भारत का सपना देखा, जहाँ हर व्यक्ति को समान अवसर मिले, जहाँ किसी के साथ भेदभाव न हो, और हर समाज एक साथ आगे बढ़े। उन्होंने हमें सिखाया – सभी का सम्मान करो; सबको साथ लेकर चलो; और इंसानियत को सबसे ऊपर रखो नारी शक्ति और समाज के लिए योगदान उन्होंने महिलाओं को अधिकार, शिक्षा और सम्मान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने समाज के गरीब, वंचित और






कमजोर वर्गों को आत्मसम्मान के साथ जीने की राह दिखाई। उनका उद्देश्य केवल बदलाव नहीं,बल्कि एक ऐसा समाज बनाना था जहाँ हर व्यक्ति गरिमा और सम्मान के साथ जी सके। संविधान - उनकी सबसे महान देन भारत का संविधान केवल एक किताब नहीं, बल्कि हर भारतीय के अधिकारों की रक्षा करने वाला आधार है। इसके मुख्य शिल्पकार थे बाबा साहेब उन्होंने ऐसा संविधान बनाया,जिसमें हर समाज, हर वर्ग, हर धर्म के लिएसमान अधिकार सुनिश्चित किए गए। भारत रत्न - लेकिन उससे भी बढ़कर बाबा साहेब को "भारत रत्न" से सम्मानित किया गया,लेकिन उनका असली स्थानहर भारतीय के दिल में है। वे थे –समानता के शिल्पकार, न्याय के मार्गदर्शक, संघर्ष के प्रतीक, और एक संगठित समाज के निर्माता मेरे दिल से..."आज मैं जो कुछ भी हूँ,वह कहीं न कहीं बाबा साहेब की ही देन हूँ..."यह केवल एक पंक्ति नहीं,यह मेरे जीवन की सच्चाई है। आज का नहीं, हर दिन का संकल्प , यह लेख केवल 14 अप्रैल के लिए नहीं, बल्कि हर उस दिन के लिए है जब हम सही के साथ खड़े होते हैं। आइए हम संकल्प लें –कि हम उनके विचारों को अपने जीवन में उतारेंगे, और एक ऐसा समाज बनाएँगे जहाँ हर व्यक्ति को सम्मान और अवसर मिले।

**"जो अंधेरों में रोशनी बनकर जले,**
**जो हर दर्द में भी हौसला बनकर चले...**
**ऐसे महान व्यक्तित्व को शत-शत नमन..."**

🙏 जय भीम | जय संविधान 🙏

# TRIP TO JAMUGHODA & CHAMPANER





















# TRIP TO JAMUGHODA & CHAMPANER







# TRIP TO JAMUGHODA & CHAMPANER









# LOCAL HERITAGE VISIT- VADODARA- BY RAVINDRA R. PATIL






















# अमूल्य अनुभव

## “NACIN प्रशिक्षण कार्यक्रम: अनुभव, सीख और आत्मीयता”

वडोदरा स्थित राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नारकोटिक्स अकादमी (NACIN), क्षेत्रीय परिसर में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु कार्यकारी सहायकों के लिए आयोजित अनिवार्य तीन सप्ताह के प्रशिक्षण के संबंध में।

यह अवगत कराना है कि प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु कार्यकारी सहायकों के लिए अनिवार्य तीन सप्ताह का प्रशिक्षण दिनांक 06-04-2026 से 24-04-2026 तक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 23 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागी पदोन्नति हेतु इस प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए।

यह प्रशिक्षण केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं रहा, बल्कि एक ऐसा अनुभव बन गया जहाँ हम सभी एक परिवार की तरह जुड़ गए। यहाँ हर दिन केवल पढ़ाई नहीं हुई, बल्कि आपसी विश्वास, सहयोग और अपनत्व की भावना भी मजबूत होती गई।

*“कुछ रिश्ते बिना नाम के भी खास बन जाते हैं,*

*साथ चलते-चलते अपने बन जाते हैं...*

*यहाँ हम मिले थे सीखने के लिए,*

*पर दिलों में बसकर एक परिवार बन जाते हैं...”*





प्रशिक्षण का वातावरण ऐसा था मानो हम किसी कार्यालय में नहीं, बल्कि एक परिवार के घर में साथ रह रहे हों जहाँ हर कोई एक-दूसरे का सहारा बना और हर किसी ने एक-दूसरे को आगे बढ़ाया।

विशेष रूप से, इस प्रशिक्षण में चार ऐसे प्रतिभागी रहे जिन्होंने न केवल स्वयं प्रशिक्षण प्राप्त किया, बल्कि अपने अनुभव और ज्ञान से हम सभी को समृद्ध किया। उन्होंने सच में

**"साथ सीखो और साथ सिखाओ"** की भावना को साकार किया।

**1. Shri अनिल कुमार ,Executive Assistant (CCO, वडोदरा)**

अनिल कुमार जी ने Service Book एवं Pension papers, Bhavisya Portal से संबंधित विषयों पर अपना गहन अनुभव साझा किया। उनके मार्गदर्शन ने प्रशासनिक कार्यों की बारीकियों को समझने में हम सभी की बहुत सहायता की।

**2. Shri लाल चंद चौधरी, Executive Assistant (AO, NACIN Vadodara)**

लाल चंद चौधरी जी ने GeM (Government e-Marketplace) पर अपने व्यावहारिक अनुभवों के माध्यम से हमें समृद्ध किया। उनका शांत स्वभाव और सरल समझाने की शैली सभी के लिए प्रेरणादायक रही।

**3. Shri अभिषेक सिंह, Executive Assistant (ऑडिट, वडोदरा)**

अभिषेक सिंह जी ने Anchoring के साथ-साथ SPARROW -APAR विषय को अत्यंत रोचक और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने पूरे प्रशिक्षण में ऊर्जा और उत्साह का वातावरण बनाए रखा।



Mehul Parmar,
Executive Assistant
CGST Gandhinagar
Mob. No:- 99780 28728

**4. Shri मयूर मकवाना, Executive Assistant (CGST, वडोदरा-I)**

मयूर मकवाना जी ने PFMS and EIS से संबंधित महत्वपूर्ण और व्यावहारिक ज्ञान साझा किया, जो हम सभी के लिए अत्यंत उपयोगी रहा।

*"हम एक सफर में साथ आए थे,*
*पर मंजिल से पहले ही अपने बन गए...*
*यह रिश्ता किताबों से नहीं,*
*दिलों से जुड़कर हमेशा के लिए बन गया..."*

अंततः, यह प्रशिक्षण केवल सीखने का माध्यम नहीं रहा, बल्कि एक ऐसा मंच बना जहाँ एकता, बंधुता और पारिवारिक भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला।

यह अनुभव सदैव हमारे हृदय में जीवित रहेगा और हमारे कार्य जीवन को नई दिशा एवं प्रेरणा देता रहेगा।

✍ **लेखक: मेहुल परमार (Executive Assistant, CGST गांधीनगर)**

# अमूल्य अनुभव

प्रशिक्षण का अनुभव हर व्यक्ति के लिए अलग और सीखने से भरा होता है यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो निरंतर विकास की और अग्रसर करती है।

सीखने की शुरुआत में थोडी घबराहट और जिज्ञासा दोनों थी नई तकनीको, कौशलो ओर कार्यप्रणाली से परिचित होना वाकई रोमांचक रहा। इस दौरान सुबह का योग और खेलखुद्र हमे अनुशासित करने में बहुत सहायक रहा। समय की पाबंदी के साथ चीजे असल में कैसे काम करती है, मददगार रहा। टीम के साथ तालमेल बिठाना समझ में आया, निर्णय लेने की शक्ति के साथ-साथ एक बडी जिम्मेदारी का एहसास भी हुआ।

प्रशिक्षण का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हमारी कार्यस्थल पर आने वाली समस्याओं को सुलझाना रहा जिसमे हमारे प्रशिक्षको द्वारा दिये गये प्रशिक्षण ने हमारे आत्मविश्वास के स्तर को बढ़ाया। यह अनुभव बेहतर निर्णय लेने में काफी सहायक सिद्ध हुआ।

अंततः यह प्रशिक्षण आत्मचिंतन और व्यक्तिगत विकाश का एक महत्वपूर्ण सफर रहा। आज मै न केवल नई तकनीको से परिचित हूँ बल्कि चुनौतियों का सामना करने के लिए अधिक आत्मविश्वासी और मानसिक रूप से तैयार भी हूँ, यहां से प्राप्त अनुभव और अनुशासन मेरे भविष्य के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मील का पत्थर साबित होगें।



Masarrat Jahan,
Executive Assistant
Mob No:- 98245 15139

# अमूल्य अनुभव

मुझे इस promotion Training NACIN Vadodara के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिला, जो मेरे लिए एक बहुत ही उपयोगी और ज्ञानवर्धक अनुभव रहा। इस प्रशिक्षण के दौरान मैंने अपने कार्य से संबंधित कई नई जानकारियाँ प्राप्त कीं और अपनी क्षमताओं को बेहतर बनाने का अवसर मिला।

प्रशिक्षण का वातावरण बहुत सकारात्मक और सहयोगपूर्ण था। प्रशिक्षकों ने विषयों को सरल और स्पष्ट तरीके से समझाया, जिससे सभी प्रतिभागियों को समझने में आसानी हुई। साथ ही, समूह चर्चा और व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अनुभव और भी प्रभावी बना।




Girishkumar P. Patel,
Executive Assistant
CGST Daman
Mob No:- 98258 49202

# अमूल्य अनुभव

The three-week training program at NACIN Vadodara was an enriching and highly valuable experience. The sessions were well-structured, informative, and delivered by knowledgeable faculty, which helped in understanding key concepts relevant to service. In addition to service-related courses, the inclusion of yoga, sports activities, first aid training, and posture sessions was commendable, promoting physical fitness, stress management, and overall well-being. These activities also encouraged teamwork and coordination among participants. Overall, the program proved highly beneficial for both my professional growth and personal development. I sincerely thank NACIN Vadodara for organizing such a meaningful and holistic training program.



Shubham Mourya,
Executive Assistant
CGST Vadodara-II
Mob No:- 70438 39201

# अमूल्य अनुभव

Training experience at National Academy of Customs, Indirect Taxes and Narcotics (NACIN) was highly enriching and professionally rewarding. The program was well-structured and covered important areas such as office administration, service rules, and government procedures, with a strong focus on practical learning through case studies and exercises. A key highlight of the training was the emphasis on team building. Through group activities, collaborative tasks, and discussions, we developed better coordination, communication, and mutual understanding. These activities not only strengthened our teamwork skills but also fostered a sense of camaraderie among participants. Overall, the training enhanced my abilities, improved my confidence, and prepared me to handle responsibilities more effectively.



Lal Chand Choudhary,
Executive Assistant
CGST Vadodara-II
Mob No:- 78789 54883

# अमूल्य अनुभव

At the outset, I would like to express my sincere appreciation to NACIN Vadodara for the opportunity to attend the mandatory training for promotion to the grade of Administrative officer. The sessions provided valuable insights into my upcoming responsibilities and equipped me with the essential tools to succeed in this new role. I particularly found the modules on Establishment, Administration, Accounting, Gender Sensitisation, POSH Act., social media uses, CCS rules and Vastu etc. to be highly beneficial and applicable to my future tasks. Yoga and Sports sessions contributed to our well being, while extracurricular activities like public speaking enriched our skills and the CARAVAN SERAI visit was make this training more memorable and amazing experience. This training was really a once in a lifetime opportunity equipping us with invaluable learning and unforgettable memories. Again, I sincerely appreciate to the NACIN Vadodara.



Vikram Singh Jat,
Executive Assistant
CGST Surat
Mob No:-

# अमूल्य अनुभव

This training was truly memorable and deeply learning experience. Through it ,my doubts were dispelled ,and I gained a wealth of knowledge. Further more I met my old and new friends Who are interested in A.O. Afterall,Big thanks to our Hon'ble ADG sir and Team NACIN ZTI, Vadodara for conducting this training. Hope & pray that NACIN ZTI, Vadodara will shine and imparts knowledge to our officers of CBIC now and in future with ***ever more better ever.***



Vipin Kumar Arya,
Executive Assistant
CGST Audit Vadodara
Mob. No:- 8766204186

# अमूल्य अनुभव

प्रशिक्षण मेरे जीवन का एक महत्वपूर्ण और यादगार अनुभव रहा। यह केवल नई चीज़ें सीखने का माध्यम नहीं था, बल्कि खुद को समझने और निखारने का भी अवसर था। प्रशिक्षण के दौरान मैंने कई नई जानकारियाँ प्राप्त कीं, जो मेरे भविष्य के लिए बहुत उपयोगी साबित होंगी।शुरुआत में मुझे थोड़ा संकोच और डर महसूस हुआ, क्योंकि सब कुछ नया था—नए लोग, नया माहौल और नई जिम्मेदारियाँ। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, मेरा आत्मविश्वास बढ़ता गया। प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन बहुत सहायक रहा। उन्होंने हर विषय को सरल और स्पष्ट तरीके से समझाया, जिससे सीखना आसान हो गया।प्रशिक्षण के दौरान हमें कई व्यावहारिक कार्य (practical tasks) भी दिए गए। इन कार्यों के माध्यम से हमने सीखी हुई बातों को लागू करना सीखा। इससे न केवल हमारी समझ मजबूत हुई, बल्कि समस्या समाधान की क्षमता भी विकसित हुई। समूह में काम करने से टीमवर्क का महत्व समझ में आया और दूसरों के विचारों को सम्मान देना भी सीखा।इस अनुभव ने मुझे यह सिखाया कि सीखना एक निरंतर प्रक्रिया है। यदि हम मेहनत और लगन से काम करें, तो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। प्रशिक्षण ने मेरे अंदर आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच को बढ़ाया है।अंत में, मैं कह सकता हूँ कि यह प्रशिक्षण मेरे लिए एक नया रास्ता खोलने जैसा था, जिसने मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



Rajeev Ranjan Roy,
Executive Assistant
CGST Surat
Mob. No:-95865 81896

# अमूल्य अनुभव

मेरा प्रशिक्षण अनुभव सकरातामका रहा, इस दौरान मैंने व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया, टीम के साथ काम करना सिखा और अपने कौशल को विकसित किया, समय के साथ मेरा प्रशिक्षण अनुभव बेहतर होता गया , शुरुआत में मुझे थोड़ी कठिनाई हुई , लेकिन धीरे धीरे मैंने नयी चीजे सीखी और आत्मविश्वास बढ़ा और प्रशिक्षण के दौरान मैंने कई महत्वपूर्ण बाते सीखी , इससे मेरा ज्ञान और कार्य करने की क्षमता बड़ी, ट्रेनिंग मेरे लिए बहुत उपयोगी और प्रेरणादायक रही।



Vimal Patel,
Executive Assistant
CGST Surat
Mob. No:- 99259 59358

# अमूल्य अनुभव

ट्रेनिंग में हमें अनुशासन, समय प्रबंधन और टीमवर्क का महत्व समझाया गया। यह अनुभव मेरे लिए बहुत उपयोगी रहा। ट्रेनिंग के माध्यम से मुझे अपने कार्य के प्रति जिम्मेदारी समझ में आई और भविष्य में बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली।

ट्रेनिंग के दौरान नए मित्र बने और उनके साथ समय बिताना अच्छा लगा। इस अनुभव से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला और यह मेरे जीवन के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ।


अंत में, मैं कह सकता हूँ कि यह ट्रेनिंग मेरे लिए बहुत लाभदायक रही। इससे मेरे व्यक्तित्व में विकास हुआ और मैंने कई नई चीजें सीखी। यह अनुभव मैं हमेशा याद रखूँगा।



Naresh B. Patel ,
Executive Assistant
CGST Daman
Mob. No:- 99253 00419

# अमूल्य अनुभव





**एक समृद्ध और अनुशासित अनुभव**

NACIN वडोदरा में मेरा प्रशिक्षण अनुभव व्यावसायिक दक्षता और व्यक्तिगत विकास का एक उत्कृष्ट मिश्रण रहा। यहाँ का **अनुशासन (Discipline)** अनुकरणीय है, जो एक अधिकारी के रूप में हमारे आचरण को और अधिक गरिमामय बनाता है।

**प्रमुख प्रशिक्षण सत्र और उनकी उपयोगिता**

**पे फिक्सेशन (Pay Fixation):** वेतन निर्धारण के जटिल नियमों को अत्यंत सरलता से समझाया गया। इससे पदोन्नति और इंक्रीमेंट के समय होने वाली गणना की त्रुटियों को दूर करने में बहुत मदद मिलेगी।

**सतर्कता (Vigilance):** सतर्कता संबंधी सत्रों ने हमें विभाग के नियमों और निष्पक्ष कार्यप्रणाली के प्रति अधिक जागरूक बनाया। भ्रष्टाचार निवारण और पारदर्शी कार्यशैली पर विशेष जोर दिया गया।

**PFMS एवं ई-बिल (e-Bill in PFMS):** सरकारी भुगतान प्रणाली के डिजिटलीकरण और PFMS के माध्यम से ई-बिलिंग की व्यावहारिक जानकारी वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है, जिसे यहाँ बहुत प्रभावी ढंग से सिखाया गया।

**GeM एवं CGHS:** सरकारी खरीद (GeM) और स्वास्थ्य सुविधाओं (CGHS) के सत्रों ने रोजमर्रा के प्रशासनिक कार्यों को आसान बनाने के गुर सिखाए।

# अमूल्य अनुभव

## समग्र व्यक्तित्व विकास (Holistic Learning)

प्रशिक्षण के दौरान केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन के अन्य पहलुओं पर भी ध्यान दिया गया:

- स्वास्थ्य: सुबह की योग कक्षाओं और शाम की खेल गतिविधियों ने हमें शारीरिक रूप से सक्रिय रखा।
- आधुनिक एवं पारंपरिक ज्ञान: सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग और वास्तुशास्त्र जैसे विषयों ने हमारे दृष्टिकोण को व्यापक बनाया।
- भविष्य की योजना: पेंशन और सेवानिवृत्ति से जुड़े सत्रों ने भविष्य के वित्तीय प्रबंधन के प्रति स्पष्टता प्रदान की।

## मेरी व्यक्तिगत राय (Pleasant Experience)

"NACIN वडोदरा का वातावरण ऊर्जा और ज्ञान से भरा है। यहाँ का अनुशासन हमें एक बेहतर प्रशासक बनने के लिए प्रेरित करता है। संकाय सदस्यों की विशेषज्ञता और परिसर की सुखद व्यवस्था के कारण यह प्रशिक्षण मेरे जीवन का एक यादगार अनुभव बन गया है।"

## कृतज्ञता

मैं इस व्यापक और अत्यंत उपयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए NACIN वडोदरा प्रशासन का आभार व्यक्त करता हूँ।



Manoj Sonavane,
Executive Assistant
CGST Vadodara-I
Mob. No:-98980 12177

# अमूल्य अनुभव

राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नारकोटिक्स अकादमी, ज़ोनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, वडोदरा, ज्ञान, कौशल और नैतिक मूल्यों का एक सशक्त केंद्र है। यह संस्थान न केवल अधिकारियों के पेशेवर प्रशिक्षण का दायित्व निभाता है, बल्कि उन्हें संवेदनशील, सजग और उत्तरदायी लोक सेवक के रूप में तैयार करने का सतत प्रयास भी करता है। NACIN ZTI, वडोदरा में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से अधिकारी नवीनतम नीतिगत परिवर्तनों, क़ानूनी प्रावधानों तथा तकनीकी प्रगति से अवगत होते हैं। यहाँ प्रदान की जाने वाली प्रशिक्षण संस्कृति में अनुशासन, सहभागिता, नवाचार और टीम भावना का विशेष स्थान है, जो प्रतिभागियों को निरंतर आत्म-विकास के लिए प्रेरित करती है।यह संस्थान सीखने और सिखाने – दोनों के लिए समान रूप से प्रेरक वातावरण प्रदान करता है। अनुभवी संकाय, समर्पित प्रशासनिक टीम और उत्साही प्रतिभागियों के संयुक्त प्रयास से NACIN ZTI, वडोदरा आज एक ऐसे प्रतिष्ठित मंच के रूप में स्थापित है, जहाँ ज्ञान को व्यवहारिक अनुभव से जोड़ा जाता है और सेवा को राष्ट्र निर्माण का सशक्त साधन माना जाता है। NACIN ZTI, वडोदरा का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि अधिकारियों में कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता और पेशेवर उत्कृष्टता की भावना को सुदृढ़ करना है। इसी vision के साथ यह संस्थान भविष्य के लिए सक्षम, संवेदनशील और मूल्य-आधारित प्रशासनिक तंत्र के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है।



Vijay Solanki ,
Executive Assistant
CGST Surat
Mob. No:-99137 49561

# अमूल्य अनुभव

The promotion training program at NACIN Vadodara, for Executive Assistants aspiring to become Administrative Officers, was a valuable and enriching experience. Along with important professional inputs related to administrative responsibilities and leadership, the training also included sessions on first aid, physiotherapy, proper working postures, yoga, sports, and Vastu Shastra. These sessions highlighted the importance of maintaining physical well-being and mental balance while performing official duties. The program provided a holistic learning environment that combined professional development with personal wellness. Overall, the training was informative, engaging, and helpful in preparing participants for higher responsibilities in their careers. I was able to give first aid to an accident victim from the knowledge I gained in First Aid training at NACIN. The person is in ICU and is improving in health. I feel a kind of satisfaction for saving a life. NACIN and its faculties have been a beacon of knowledge and guidance throughout the journey in the department, and I am very thankful to them.



Makwana Mayur Mansagarbhai,
Executive Assistant
CGST Vadodara-I
Mob. No:- 92270 45822

# अमूल्य अनुभव

I have been nominated for the Administrative Officer training program, which is being conducted from 6th April 2026 to 24th April 2026 at NACIN ZTI Vadodara. On Monday, 6th April 2026, an introductory session was held in the Academic Hall "PALAS". During this session, the Assistant Director of NACIN Academic, Shri M.K. Punjabi, along with other senior officers, warmly welcomed our batch of 23 participants. He guided us about the purpose of the training and emphasized that we are here to prepare ourselves for the responsibilities of an Administrative Officer. All the teaching officers are highly supportive and experienced. They are conducting the sessions effectively and sharing valuable insights from their professional experience, which is very beneficial for us. The yoga sessions conducted by Shri Subhash Kumar, was excellent and very refreshing. We all enjoyed and appreciated these sessions. Ms. Nitin Siwatch provided very useful guidance, and also teaches in a clear and effective manner. Additionally, the NACIN Academic Zone is very clean, well-maintained, and provides a positive environment for learning. Overall, the training experience so far has been very informative and enriching. Shri, Vinay Mahto, Additional Assistant Director at National Academy of Customs, Indirect Taxes and Narcotics (NACIN), ZTI Vadodara, is a dynamic professional who brings together administrative excellence and a strong foundation in sports. He holds an M.Phil in Sports Science and is an international athlete, along with being a certified tennis coach accredited as an AITA Level-IV and AATC Master Coach.

At NACIN, he is known for designing and delivering high-impact training programs for GST and Customs officers. His sessions stand out for their energy, clarity, and practical relevance, making complex subjects accessible and engaging. Deeply passionate about mentoring, he consistently motivates individuals to strive for excellence— both in their professional roles and personal development. Shri, Vinay Mahto teaches us football, cricket, and volleyball very clearly and provides us with complete knowledge of each sport. His way of explaining techniques and rules makes learning easy and enjoyable. Thanks.



Ravindra R Patil,
Executive Assistant
CGST Daman
Mob. No:-96871 95769

# अमूल्य अनुभव

I was enrolled for a three weeks mandatory training at NACIN Vadodara (from 07.04.2026 to 24.04.2026) required for the promotion to the grade of Administrative Officer. My goal was to get familiar with the role and responsibilities of A.O. and better understanding of the rules & regulations, policies and functioning of government work for my future career. The training topics and faculty arranged by NACIN, Vadodara was above excellent. Although, all topics and faculties were excellent but my favourite sessions were effective use of social media, Basics of Vastu, First Aid and functional fitness. Great topics as well as excellent faculty. I learned new knowledge and ideas of life.

I truly appreciate the energy, curiosity, and collaboration of each attendee. It was a really a great experience. There were many seniors in our group who had a lot of experience of life as well as the departmental proceedings. It was inspiring to see how everyone contributed to not just their own growth, but also to the collective success of the group. I'm grateful to have learned alongside such dedicated and talented individuals.



Anil Kumar,
Executive Assistant
CGST CCO Vadodara
Mob. No:-

# अमूल्य अनुभव

It is a pleasure to meet officers who are interested in Administration of the department which is one of the backbone of the department. Meeting with new and old friends gives this training more interesting. I’ll cherish this moment in the future, hope we will all remain in contact & helps each other especially in our line of work. I’ve learned and clear so many doubts and also learn many new things through this training. Big thanks to our Hon’ble ADG sir and team NACIN ZTI,  Vadodara for conducting this training. Hope & pray that NACIN ZTI, Vadodara will shine and imparts knowledge to our officers of CBIC now and in future with ***ever more better ever.***



M Hangminlun ,
Executive Assistant
CGST Vadodara-I
Mob. No:-9904831367

# अमूल्य अनुभव



मेरा तीन सप्ताह भर का ट्रेनिंग अनुभव बहुत अच्छा रहा है। शुरू में थोडा डर और घबराहट थी, क्योंकि यह मेरे लिए नया अनुभव था। लेकिन धीरे धीरे में सबके साथ घुल-मिल गया और मेरा आत्मविश्वास बढ़ता गया। ट्रेनिंग के पहले दिन सभी नए लोगो से मिलने का मौका मिला। शरुआत में थोडी घबराहट लगी, लेकिन जैसे जैसे बातें आगे बढ़ी, आत्मविश्वास भी बढ़ता गया।

क्लास में हमे नई-नई बाते सिखाई गई और हमारे ज्ञान में वृद्धि हुई। हर दिन कुछ नया सीखने को मिला, जिससे मेरे अंदर सीखने की इच्छा और बढ़ी। ट्रेनिंग के दौरान प्रैक्टिकल काम करने का भी मौका मिला, जिससे मेरा आत्मविश्वास और बढ़ गया।

ट्रेनिंग में हमें अनुशासन, समय प्रबंधन और टीमवर्क का महत्व समझाया गया। यह अनुभव मेरे लिए बहुत उपयोगी रहा। ट्रेनिंग के माध्यम से मुझे अपने कार्य के प्रति जिम्मेदारी समझ में आई और भविष्य में बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली।

ट्रेनिंग के दौरान नए मित्र बने और उनके साथ समय बिताना अच्छा लगा। इस अनुभव से मुझे बहुत कुछ सीखने की मिला और यह मेरे जीवन के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ। ट्रेनिंग केवल ज्ञान प्राप्त करने के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है , बल्कि शारीरिक और मानसिक संतुलन बनाए रखने में भी मददगार होती है। ध्यान (मेडिटेशन) का भी आयोजन किया गया था। हर सुबह योग करवाया जाता था, जिससे शरीर स्वस्थ रहता है और मन में शांति बनी रहती है। योग और खेलकूद जैसी गतिविधियो में भाग लिया इससे सभी प्रतिभागियों के बीच मित्रता भी बढ़ी।

ट्रेनिंग के दौरान अलग अलग विषय सिखाए गए, जैसे Leave Rules, Pay Fixation और DPC आदि। इसके अलावा अन्य विषयों पर भी जानकारी ही गई है। अंत में मैं यह कह सकता हूँ कि पूरे ट्रेनिंग के दरमयान NACIN टीम का सहयोग बहुत अच्छा रहा। उन्होंने सभी विषयों को अच्छे और सरल तरीके से समझाया। मै NACIN टीम का आभारी हूँ।

अंत में, मैं कह सकता हूँ कि यह ट्रेनिंग मेरे लिए बहुत लाभदायक रही। इससे मेरी व्यक्तित्व में विकास हुआ और मैंने कई नई चीजें सीखी। यह अनुभव मैं हमेशा याद रखूँगा।.

Hareshbhai S. Patel,
Executive Assistant
CGST Daman
Mob. No:-98987 87499

# अमूल्य अनुभव

**"अनजान राहों पर मिले थे जो मुसाफिर बनकर,**
**आज विदा हो रहे हैं यादों का एक शहर बनकर।"**

"06 अप्रैल की वह सुबह जब हमने इस प्रशिक्षण की शुरुआत की थी, तब मन में कुछ कर दिखाने की जिज्ञासा थी। देखते ही देखते 24 अप्रैल आ गई और इन 19 दिनों के भीतर हमने अनुभवों का एक ऐसा संसार बसा लिया, जो हमारे आने वाले कल की नींव बनेगा। यह समय केवल ट्रेनिंग का नहीं, बल्कि खुद को तराशने का एक अनूठा अवसर था।"

**प्रशिक्षण के अनुभव (Key Experiences):**

इन 20 दिनों का अनुभव शब्दों से कहीं अधिक गहरा रहा, जिसे मैंने निम्नलिखित बिंदुओं में संजोया है:

**ज्ञान का विस्तार:** 06 अप्रैल से शुरू हुए हर सत्र ने मेरे ज्ञान के दायरे को बढ़ाया। कठिन से कठिन तकनीकी विषयों को जिस सरलता से हमारे प्रशिक्षकों ने समझाया, उसने विषय के प्रति मेरी रुचि को दोगुना कर दिया।

**प्रायोगिक सीख (Practical Learning):** केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि हाथ से काम करके (Hands-on Experience) सीखने का अनुभव सबसे प्रभावी रहा। इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा कि मैं कार्यक्षेत्र की चुनौतियों का सामना कर सकता हूँ।

**सामूहिक सामंजस्य (Team Synergy):** ग्रुप एक्टिविटीज़ के दौरान मुझे समझ आया कि जब अलग-अलग विचार एक लक्ष्य के लिए मिलते हैं, तो परिणाम हमेशा बेहतर होते हैं। साथियों के साथ किए गए विचार-विमर्श ने समस्या सुलझाने के नए तरीके सिखाए।

**"किताबों से निकलकर जब हुनर को हाथों में लिया,**

**इन बीस दिनों ने जीने का एक नया सलीका दिया।"**

**यादगार लम्हे:** चाय के ब्रेक में होने वाली चर्चाएं और एक-दूसरे की मदद करने का भाव इस ट्रेनिंग का सबसे मानवीय हिस्सा था। 25 अप्रैल तक आते-आते, हम केवल सहपाठी नहीं बल्कि एक टीम बन चुके थे।



D. M. Katiya,
Executive Assistant
CGST HQ Rajkot
Mob. No:- 99098 08563

# अमूल्य अनुभव

GST विभाग के नियमानुसार कार्यकारी सहायक से प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोनती के लिए 3 सप्ताह का अनिवार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस प्रशिक्षण का मुख्य उदेश्य प्रतिभागियों को प्रशासनिक कार्यो, वितीय नियमो और अनुशासत्मक कार्यवाहियों की गहरी समझ प्रदान करना था ।

प्रशिक्षण के मुख्य विषय:-

१) सेवा नियम, अवकाश नियमो और वरिष्ठ सूचि के प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की गयी ।
२) सरकारी खरीद , बजट आवंटन और व्यय नियंत्रण के नियमो की जानकारी दी गयी ।
३) प्रशिक्षण के दौरान वरिष्ठ अधिकारी द्वारा व्याख्यान दिए गए और फाइल के माध्यम से समस्याओ का समाधान करना सिखाया गया । समूह चर्चा के माध्यम के नेत्रित्व कौशल को निखारा गया ।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बहुत सफल रहा । इससे प्रतिभागियों को कार्यकारी सहायक की भूमिका से निकलकर एक अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी संभालने का आत्मविश्वास मिला । कार्यक्रम के अंत में एक मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गयी, जिससे सभी प्रतिभागियों ने संतोषजनक प्रदर्शन किया ।



K. S. Naiya,
Executive Assistant
CGST
Mob. No:- 85114 17904

# अमूल्य अनुभव

The Mandatory three-weeks training for Executive Assistants for promotion to the grade of Administrative Officer from 06.04.2026 to 24.04.2026 at NACIN, Vadodara was highly enriching and an insightful experience. The courses were thoughtfully designed, covering key aspects of Administrative procedures, Service Rules, Financial Rules, Conduct Rules etc. The classes, Interactive sessions, Case studies and guidance from the highly experienced faculties helped deepened my understanding of departmental functioning and responsibilities at a higher level. Overall, the training not only strengthened my professional competence but also prepared me to take on the challenges of the Administrative Officer role with greater confidence and efficiency.



Alice Ngaimuanching
Executive Assistant
Commissionerate:Vadodara-I
Mob.No.9687308154

# अमूल्य अनुभव

प्रशिक्षण के दौरान मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा। इस प्रशिक्षण से मुझे नई-नई जानकारियाँ मिलीं और कई महत्वपूर्ण विषयों को समझने का अवसर मिला। प्रशिक्षकों ने विषय को सरल और स्पष्ट तरीके से समझाया, जिससे सीखना आसान हो गया।इस दौरान मुझे अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने का मौका मिला। साथ ही, अन्य प्रतिभागियों के साथ विचार साझा करने से भी बहुत कुछ सीखने को मिला। यह प्रशिक्षण मेरे भविष्य के लिए उपयोगी और लाभदायक साबित होगा।



Urmila Parmar,
Executive Assistant
CGST Vadodara-II
Mob. No:- 75672 75193

# अमूल्य अनुभव

NACIN ZTI Vadodara में कार्यकारी सहायक से प्रशासनिक अधिकारी के पद पर Promotion का प्रशिक्षण कार्यक्रम बहुत बढ़िया रहा । विषय को अच्छी तरह से समझाया गया, मेरा मानना है की जो ट्रेनिंग A.O बनने से पहले दी गयी है, वो इतनी अच्छी है की हमें A.O Promotion के बाद भी लगभग 6 महीने बाद refreshment course भी दिया जाये।

योग का session बहुत बढ़िया रहा, और अच्छी तरह से सभी कर पाए भी । Sports का session तो लाजवाब था , यहाँ तो हमने दिल जान से sports किया ।

ट्रेनिंग के साथ-साथ physical ट्रेनिंग का combination बहुत अच्छा था ।




Bhagwandas Kahar,
Executive Assistant
CGST Vadodara-I
Mob. No:-

# अमूल्य अनुभव

*I would like to express my sincere gratitude to the NACIN Team for conducting such an inspiring training program. The holistic inclusion of **Yoga and Sports**, alongside the core curriculum, contributed significantly to my personal and professional development.*

*The training was exceptional, particularly the modules on **Specific Topic, e.g., POSH/GeM/PFMS**. These sessions effectively bridged the gap between my technical background and my new responsibilities as an **Administrative Officer**.*

*I found the practical, simulation-based approach invaluable for building confidence in my decision-making. This training is also memorable because we learn form our senior trainee members about life and work experience they had. To further enhance future sessions, I suggest incorporating more **real-time case studies** drawn from our current work, which would make the content even more directly applicable to our daily operations.*




Abhishek Singh,
Executive Assistant
CGST Audit Vadodara
9558566930




**Mandatory Training for Executive Assistant for the promotion to the Grade of Administrative Officer**
**From:- 06-04-2026 to 24-04-2026 Batch No.01/2026-27**

# Mandala art



By Masarrat Jahan,
Executive Assistant

